**मैं वकील हूँ और 2006 में राज्य बार काउंसिल में नामांकित हूँ और वर्तमान में जिला अदालत में विधि व्यवसाय कर रहा हूँ। क्या मुझे अखिल भारतीय बार परीक्षा देना अनिवार्य है?**

नहीं, यह परीक्षा अधिसूचना केवल शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के बाद के स्नातक छात्रों पर लागू होती है। यदि आपको कानून की डिग्री शैक्षणिक वर्ष 2009-10 से पहले प्रदान की गई है। तब, भारत में विधि व्यवसाय के लिए अहर्ता प्राप्त करने के लिए आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है।

**मैं एक कम्पनी में वर्तमान विधि अधिकारी के रूप में काम कर रहा हूँ और 1998 में अधिवक्ता के रूप में नामांकित किया गया था। मेरी विधि व्यवसाय की मान्यता को बार काउंसिल के छठे भाग के अंतगर्त निलम्बित कर दिया गया है। जैसा कि मैं एक निगम में पूर्ण समय का वेतनभोगी कर्मचारी हूँ अगर मैं विधि व्यवसाय में वापस आने कि इच्छा करता हूँ, तो क्या मूझे अखिल भारतीय बार परीक्षा देने की आवश्यकता है?**

नहीं, यह परीक्षा अधिसूचना केवल शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के बाद के स्नातक छात्रों पर लागू होती है, उससे पहले नहीं, अपने निलम्बन के लिए जानकारी और व्यवसाय में लौटने के लिए, कृपया अपने राज्य बार काउंसिल के साथ सम्पर्क करें जहाँ आपने नामांकण किया था।

**मैंने 2008 में एक भारतीय लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कि और विदेश में एल.एल.एम. कर रहा हूँ। मैने भारत वापस आ कर विधि व्यवसाय की योजना बनाई है, क्या मुझे अखिल भरतीय बार परीक्षा देनी होगी?**

नहीं, यह परीक्षा अधिसूचना केवल शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के बाद के स्नातक छात्रों पर लागू होती है, और उससे पहले नहीं, एक वकील के रूप में नामांकन की जानकारी के लिए, जिस राज्य बार काउंसिल में आप पंजीकृत होना चाहते हैं, वहाँ सम्पर्क करें।

**मैंने 1995 में एक भारतीय लॉ स्कूल से स्नातक किया। मुझे पता है कि मैं भारत में विधि व्यवसाय करने के लिए मुझे अखिल भारतीय बार परीक्षा देने की जरूरत नहीं है, लेकिन मैं क्या वैसे ही यह परीक्षा दे सकता हूँ?**

हाँ, आप अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकते हैं, लेकिन यह भारत में विधि व्यवसाय करने के आपके अधिकार पर किसी भी प्रकार का प्रभाव नहीं डालती है।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा की अहर्ता हेतू ला-स्कूल के अंतिम वर्ष में एक ला-स्कूल के छात्र को न्यूनतम कितने प्रतिशत प्राप्त करने होंगे?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा की अहर्ता हेतू आपको कोई न्यूनतम प्रतिशत की जरूरत नहीं है, हालांकि, अखिल भारतीय बार परीक्षा देने के लिए आपको विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित स्नातक स्तर की पढ़ाई में न्यूनतम प्रतिशत प्राप्त करना होगा। अखिल भारतीय बार परीक्षा देने के लिए आपको अपने राज्य बार काउंसिल में नामांकरण करना आवश्यक है। (नामांकरण तभी संभव है, जब आप भारत के बार परिषद के नियम के तहत किसी ला-स्कूल के पारित पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हों)।

**यदि मैं अपने ला-स्कूल के अंतिम वर्ष की परीक्षा में असफल रहा, तो मैं कब अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकता हूँ?**

जैसे ही आप सफलतापूर्वक सभी विषयों में उत्तीर्ण होकर राज्य बार काउंसिल में नामांकरण करा लेगें आप अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए योग्य हो जायेगें। परीक्षा हर वर्ष दो बार नवम्बर और अप्रैल में आयोजित होती है। आप 5 दिसम्बर को अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकते हैं, अगर आपने राज्य बार काउंसिल में नामांकरण किया है।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में बैठने के लिए मुझे कैसे आवेदन करना होगा?**

15 जुलाई को अखिल भारतीय बार परीक्षा के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले आवेदन प्रक्रिया की एक विस्तृत घोषण की जाएगी। अखिल भारतीय बार काउंसिल परीक्षा में रजिस्ट्रेशन के लिए एक ऑनलाइन विधि पर भी विचार कर रही है।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में मैं कितने प्रयास कर सकता हूँ?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा देने के लिए प्रयासों की संख्या सीमित नहीं है।

अखिल भारतीय बार परीक्षा का आयोजन 2011 से, प्रतिवर्ष दो बार नवंबर और अप्रैल में किया जाएगा। बार काउंसिल ऑफ इंडिया परीक्षा की सभी तिथियों की अग्रिम सूचना प्रदान करेगा।

**मैं दिसंबर 2010 में अखिल भारतीय बार परीक्षा देने जा रहा हूँ। इस प्रयास में अगर मैं अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाया, तो क्या विकल्प होंगे?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा प्रतिवर्ष हर नवंबर और अप्रैल में द्विवार्षिक-पद्धति के आधार पर आयोजित कि जाएगी। अगर पहले प्रयास में आप अखिल भारतीय बार परीक्षा पास नहीं कर पाए तो, आप अगले बार परीक्षा दे सकते हैं और अधिकतम निर्धारत प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ध्यान दें कि अखिल भारतीय बार परीक्षा के प्रयास के लिए कोई सीमा-संख्या नहीं हैं।

**क्या मुझे पंजीयन के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा तक प्रतीक्षा करना होगा?**

नहीं आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा से पहले ही अपने राज्य बार काउंसिल में पंजीयन कराना होगा, पंजीयन उपरांत ही आप अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए योग्यता प्राप्त कर पाएंगे।

**कौन अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकता है? आवेदन के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के सभी स्नातक छात्र को विधि व्यवसाय करने से पहले अखिल भारतीय बार परीक्षा को उत्तीर्ण करनी होगी। वे स्नातक छात्र, जो 2009-10 में उत्तीर्ण हुए हैं, निर्धारित 5 दिसम्बर 2010 को अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकते हैं।

अगर आप निर्धारित 5 दिसम्बर को परीक्षा दे नहीं पाए, तो आप अगली परीक्षा दे सकते हैं। 2010 के पश्चात अखिल भारतीय बार परीक्षा प्रति वर्ष दो बार अप्रैल और नवंबर में आयोजित किया जायेगा। बार काउंसिल आफ इंडिया इन परीक्षाओं की तारीखों की सूचना प्रदान करेंगा।

आप अखिल भारतीय बार परीक्षा में नामांकन तभी कर सकते हैं, जब आप राज्य बार काउंसिल में एक वकील के रूप में नामांकित होगें, आवेदन फार्म और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी 15 जुलाई को उपलब्ध कि जाएगी।

**मैंने भारत में विधि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में प्रवेश किया है। क्या मुझे 2010-2011 में स्नातक उपरान्त भारत में विधि व्यवसाय करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा देना अनिवार्य है?**

हाँ, यह अधिसूचना वर्ष 2009-10 के स्नातक छात्रों पर लागू होता है। वर्ष 2009-10 के बाद स्नातक हुए छात्रों को भारत में विधि व्यवसाय के लिए अहर्ता प्राप्त करने से पहले अखिल भारतीय बार परीक्षा देना अनिवार्य है।

**मेरे पास कानून की डिग्री है और वर्तमान में विधि व्यवसाय नहीं कर रहा हूँ, हालांकि कुछ वर्षों बाद मैं विधि व्यवसाय में स्वयं को स्थापित करने का इरादा रखता हूँ। क्या मुझे उस समय अखिल भारतीय बार परीक्षा देनी होगी?**

नहीं, यह परीक्षा अधिसूचना केवल शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के बाद के स्नातक छात्रों पर लागू होती हैं, यदि आपने कानून की डिग्री 2009-10 के पूर्व प्राप्त की है, तब, भारत में विधि व्यवसाय लिए अहर्ता प्राप्त करने के लिए आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा देने की कोई जरूरत नहीं है।

नहीं, वास्तव में, अखिल भारतीय बार परीक्षा के आवेदन योग्य होने के लिए आपको एक वकील के रूप में अपने संबंधित राज्य परिषद बार में नामांकन करना होगा।

**मैंने लागू राज्य बार काउंसिल के पास अपने नामांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अगर मैं सितम्बर 30, 2010 (अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि) तक अपना नामांकन प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं कर पाया, तो मैं अखिल भारतीय बार परीक्षा कैसे दे सकता हूँ?**

सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय बार परीक्षा का टाईम-टेबल तैयार किया जाता है। यह सम्भावना नहीं है कि राज्य बार काउंसिल नामांकन की औपचारिकताओं के लिए निर्धारित पंजीकरण को 90 दिनों के अंदर खत्म नहीं कर पायगें, जो की 30 सितम्बर 2010 को समाप्त हो जायेगा।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने अखिल भारतीय बार परीक्षा के बारे में सभी राज्य बार परिषदों को प्रमाणपत्र के नामांकन प्रक्रिया को तेज करने के लिए, लिखा है। ताकि पर्याप्त समय बाकि रहें नामांकन पत्र प्राप्त करने के बाद।

यदि फिर भी, किसी भी मामले में विशेष रूप से शिकायत हो तो, कृपया हमें barexam@barcouncil of india.org., पर सम्पर्क करने में संकोच ना करें।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा की तैयारी करते समय मैं एक वकील के साथ काम या किसी ला-फर्म में काम कर सकता है?**

भारत में विधि व्यवसाय करने के लिए, शैक्षणिक वर्ष 2009-10 से कानून में स्नातक छात्र को अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करने की आवश्यकता होगी। एक वकील, जिसने अखिल भारतीय बार परीक्षा पास नहीं की है, अखिल भारतीय बार परीक्षा की तैयारी करते समय एक वकील के साथ काम या किसी ला-फर्म में काम कर सकता है।

व्यावहारिक रूप से, कोई भी कानून में स्नातक, जिसके पास बार के व्यावहारिक अनुभव की कमी है, प्रारंभिक वर्षों में किसी बुजुर्ग या ला-फर्म की एक संरचित व्यवस्था में काम कर सकता है। वकील अपनी सहायता एवं शिक्षण जारी रख सकता है, परंतु उन्हें कानून के अभ्यास की अनुमति नहीं हैं (वकालतनामा, मुद्दे पर राय आदि), जब तक कि वे अखिल भारतीय बार परीक्षा में पास नहीं हो जाते।

**क्या मैं भारत में अखिल भारतीय बार परीक्षा के नामांकन के बाद और परीक्षा के पूर्व, मैं कानून का अभ्यास कर सकता हूॅ?**

नहीं, आप एक वकील या फर्म के साथ एक प्रशिक्षु के रूप में काम कर सकते हैं, परंतु भारत में विधि व्यवसाय के लिए आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करनी होगी। किंतु, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और राष्ट्रमंडल के देशों में लिंग प्रैक्टिस कोर्स, बार वोकेशनल ट्रेनिंग कोर्स (बार प्रोफेशनल कोर्स 2011) या बार परीक्षा देकर एक प्रशिक्षु वकील, बार का छात्र या एक आर्टिकल क्लर्क बैरिस्टर, वकील या वकील, अधिवक्ता बन सकता है, (जब आप 2009-10 से पहले कॉलेज से पारित हो गए हैं।)

**मैं एक भारतीय हूॅ और इस वर्ष एक विदेशी विश्वविद्यालय से स्नातक कर रहा हूॅ। इसलिए मैं उत्सुकतावश से एक अधिवक्ता के रूप में भारत में दाखिला लेना चाहता हूॅ। क्या मुझे भारत में विधि व्यवसाय करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा देने की आवश्यकता है? इसके अलावा, नामांकन के बाद क्या मैं ब्रिटेन में विधि व्यवसाय करने के लिए क्यू एल्टी दे सकता हूॅ?**

अगर विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्री भारत में मान्यता प्राप्त है (विदेशी विश्वविद्यालय को मान्यता भारतीय बार काउंसिल के नियमों और कानूनी शिक्षा समिति के अनुसार मिलती है)

आप भारत में अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करने के बाद विधि व्यवसाय की आप को मंजूरी दे दी जायेगी।

चूंकि भारत में कानून का अभ्यास करने के लिए आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तर्णी होने की आवश्यक है, आप यह जाँच कर ले की भारत में विधि व्यवसाय करने से पहले वे आपके अपने परीक्षण तंत्र के बाद नामांकन शुरू करने की अनुमति देगें।

**मैं 2010 में स्नातक हो रहा हूँ और अक्टूबर 2010 से एलएलएम शुरू करने के लिए विदेश जाने की तैयारी कर रहा हूँ। मैं दिसम्बर में अखिल भारतीय बार परीक्षा नहीं दे सकता और जब मैं 2011 में काम करने के लिए भारत लौटूगां तो क्या बार में मेरी वरिष्ठता, मेरे एक वर्ष पीछे परीक्षा देने से घटेगी?**

अधिवक्ता अधिनियम की धारा 17 के अनुसार, वरिष्ठता नामांकन की तारीख से निर्धारित होती है। इसलिए, अगर आप विदेश जाने से पहले भर्ती हो जाए, तो आपकी अपनी वरिष्ठता उस तिथि से प्रभाव में होगा न कि अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करने की तिथि से होगी। लेकिन, आप भारत में विधि व्यवसाय करने योग्य केवल अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करने से होंगे।

**यदि अगर मेरे ला-स्कूल के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है और मैं नामांकन के लिए आवश्यक सभी कागजात प्रस्तुत करने में असमर्थ हुआ, तो क्या होगा? क्या मैं अब भी अखिल भारतीय बार परीक्षा में बैठ सकता हूँ?**

ला-स्कूल के अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित होने के बाद सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय बार परीक्षा का टाईम-टेबल तैयार किया जाता है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने अखिल भारतीय बार परीक्षा के बारे में सभी राज्य बार परिषदों को प्रमाणपत्र के नामांकन प्रक्रिया को तेज करने के लिए लिखा हैं, यदि फिर भी, किसी भी मामले में विशेष रूप से शिकायत हो तो, कृपया हमें barexam@barcouncilofindia.org. पर सम्पर्क करने में संकोच न करें।

**क्या मुझे अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए आवेदन करने पर कोई लाभ मिलेगा, क्योंकि मैं अनुसूसचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से हूँ?**

नहीं, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के वकीलों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा में नए विषयों पर प्रश्न होगे या मेरे ला-स्कूल में पढ़ाये पाठ पर प्रश्न होंगे? क्या इसके लिए कानून के छात्रों को कोचिंग लेने की आवश्यकता होगी?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा में भारत के ला-स्कूलों के तीन और पांच वर्षीय एल.एल.बी. के अंतर्गत सभी विषय आते हैं (भारत बार काउंसिल के अनुसूची ----- के नियमों के तहत)। इन सभी क्षेत्रों को कानूनी शिक्षा के तहत पूरा किया गया है।

इसके अलावा, अखिल भारतीय बार परीक्षा में तर्क और विश्लेषण पर जोर दिया गया है और पढ़े पाठ को याद करने की क्षमता पर नहीं और यह परीक्षा बहु-विकल्प परीक्षा पद्धति पर आधारित होगी। प्रत्येक अधिवक्ता को अखिल भारतीय बार परीक्षा के तैयारी के प्रारंभिक सामग्री भेजी जायेगी जो परीक्षा के लिए तैयारी के लिए एक परीक्षा गाइड के रूप में काम आयेगी और सभी क्षेत्रों को कवर करेगी, जिससे की अधिवक्ता स्कूल के अपने शुरुआत में सीखें पाठ को संशोधित कर पायेगें।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा के तैयारी के लिए प्रारंभिक सामग्री मुझे कब प्राप्त होगी?**

अगस्त, 2010 में शुरूआती प्रेषण कार्यक्रम के अंतर्गत, भारतीय बार काउंसिल द्वारा आपके आवेदन पत्र के प्राप्ती होने के दो सप्ताह के बाद आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा के तैयारी के लिए प्रारंभिक सामग्री प्राप्त होगी।

यदि आपको प्रारंभिक सामग्री प्राप्त करने में कठिनाई हो, तो कृपया barexam@barcouncilofindia.org. को लिखें।

**मैं अखिल भारतीय बार परीक्षा कहाँ दे सकता हूँ?**

आप भारत में अधिसूचित केन्द्रों में अखिल भारतीय बार परीक्षा दे सकते हैं। जुलाई 15, 2010 को आवेदन प्रक्रिया के शुरुआत में ही शहरों की सूची उपलब्ध हो जायेंगी, आवेदन की प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद, परीक्षा केन्द्रों की अंतिम सूची और अखिल भारतीय बार परीक्षा देने वाले बार के अधिवक्ताओं को 1 नवंबर, 2010 में अधिसूचित किया जाएगा।

**यह परीक्षा किन भाषाओं में आयोजित होती हैं? क्या मैं चुनी हुई भाषा में परीक्षा की तैयारी के लिए प्रारम्भिक सामग्री प्राप्त कर सकता हूँ?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा नौ भाषाओं में आयोजित की जाएगी। परीक्षा हिन्दी, तेलगु, तमिल, कन्नड, मराठी, बंगीली, गुजराती, उड़िया और अंग्रेजी में होंगी। प्रत्येक परीक्षार्थी को अखिल भारतीय बार परीक्षा की मुद्रित सामग्री उनके द्वारा चयनित भाषा में प्राप्त होगी।

**मैं अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र में अपने साथ किन सामग्री को ले जा सकता हूँ?**

जिन अधिवक्ताओं ने आल इंडिया बार परीक्षा के लिए पंजिकरण किया है। वे अपने साथ अध्ययन सामग्री पाठ्यपुस्तकों, ग्रंथों, कोई भी हस्तलिखित नोट्स तथा आल इंडिया बार परीक्षा द्वारा दि गयी पुस्तकों को अपने साथ ला सकते हैं।

अधिवक्ता परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रोनिक्स सामग्री जैसे कि, लेपटाप, मोबाईल फोन या रेडियो ट्रान्सीवर सुसज्जित यंत्र (जैसे कि पेजर) नहीं ले जा सकते हैं।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में अधिकतम कितने समय की अनुमति हैं? परीक्षा खत्म करने पर क्या मैं परीक्षा केन्द्र छोड़ सकता हूँ?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा को पूरा करने के लिए परीक्षार्थीयों को 3 घंटे और 30 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा। अखिल भारतीय बार परीक्षा के सभी पेपर पुरा करने के बाद परीक्षार्थी परीक्षा हॉल छोड़ सकते हैं।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा को पास करने के लिए कितने न्यूनतम प्रतिशत अंक की आवश्यकता है?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा को पास करने के लिए न्यूनतम 40% (100 में से 40) की आवश्यकता होगी, हालांकी यह मुद्दा विशेषज्ञ समिति द्वारा निश्चित किया जाता है। अखिल भारतीय बार परीक्षा में कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा में विभिन्न विषयों या वर्गों के लिए एक अलग से कट-ऑफ होती है?**

अधिवक्ताओं को प्रथम श्रेणी में कम से कम 31 अंक, जिसमें "I श्रेणी" के विषय शामिल हैं और दूसरे अनुभाग में कम से कम 9 अंक की जरूरत है जिसमें "II श्रेणी" के विषय शामिल हैं, तथापि, ध्यान दें, कि यह मुद्दा विशेषज्ञ समिति द्वारा निश्चित किया जाता है।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा देनें के लिए मुझे किन वस्तुओं को अपने साथ रखने की आवश्यकता है?**


आप अपने साथ पेंसिल, एक वैध फोटो पहचान पत्र, परीक्षा के लिए स्वीकृत कार्ड, और पाठ्यपुस्तकों या अध्ययन सामग्री जैसे परीक्षा के लिए प्रारंभिक सामग्री और हस्तलिखित नोट्स भी ले सकते हैं कृपया ध्यान दें कि ओ.एम.आर.(OMR) शीट पर जवाब देने के लिए गाढ़े पेंसिल का ही प्रयोग करें।

अधिवक्ता परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रोनिक्स सामग्री जैसे कि, लेपटाप, मोबाईल फोन या रेडियो ट्रान्सीवर सुसज्जित यंत्र (जैसे कि पेजर) नहीं ले जा सकते हैं।

**ओ.एम.आर.( OMR ) शीट क्या है?**

ओ.एम.आर.(OMR) शीट एक मशीन पठनीय उत्तर पत्रक है, जिस पर आप बहु-विकल्प प्रश्नों का जवाब गोलों को गाढ़ा काला करके देते हैं।

नीचे छवि में एक ओ.एम.आर.(OMR) शीट के एक वर्ग को दर्शाया गया है :



**बहु–विकल्प वाले प्रश्न क्या हैं?**

बहु–विकल्प प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर सूचीबद्ध होते हैं, जिसमें से केवल एक ही सही होता है, उम्मीदवार को सही जवाब की पहचान करनी होती है और अपना उत्तर रिकॉर्ड करने के लिए ओ.एम.आर.(OMR) शीट पर बुलबुलों को गाढ़ा अंकन करना होता है।

बहु–विकल्प सवाल का एक उदाहरण (नोट करें की यह प्रश्न परीक्षा के प्रश्नों की वास्तविक सामग्री से कोई मेल नहीं खाता हैं):

प्रश्न : भारत के मौजूदा राष्ट्रपति कौन है?

क. श्री मनमोहन सिंह

ख. श्रीमती प्रतिभा पाटिल

ग. डाक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

घ. श्री डी.आर.वेंकटरमण

ड. ऊपर में से कोई भी नहीं

Ans. (ख) श्रीमती प्रतिभा पाटिल

**क्या मुझे अपने साथ प्रश्न-पत्र वापस लाने की अनुमती है?**

हाँ, परीक्षक के पास ओ.एम.आर.(OMR) शीट जमा करने के बाद अधिवक्ता को प्रश्न–पत्र रखने और परीक्षा केन्द्र से बाहर ले जाने की अनुमति है।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा में मुझे प्रयास के परिणाम के रूप में प्रतिशत/प्रतिशतक/रैंकिंग स्कोर प्राप्त होगें?**

नहीं, बार काउंसिल कोई भी प्रतिशत/प्रतिशतक/रैंकिंग स्कोर प्रकाशित नहीं करेंगे। अखिल भारतीय बार परीक्षा में प्रयास करने वाले अधिवक्ता केवल सफल या असफल हो सकते हैं। भारतीय बार काउंसिल केवल अखिल भारतीय बार परीक्षा में सफल अधिवक्ताओं को सूचित करेंगे।

**परीक्षा शुल्क कितना है और अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए मैं कैसे भुगतान करूं?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा का शुल्क 1300/-रु (एक हजार तीन सौ केवल) है। यह राशी भारतीय बार काउंसिल को डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ही देय होनी चाहिए। 15 जुलाई 2010, को होने वाली अखिल भारतीय बार परीक्षा के भुगतान पद्धति के बारे में अधिक जानकारी आवेदन प्रक्रिया से पहले उपलब्ध हो जायेगी।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा में मेरे द्वारा चुनी गई भाषा कोई अंतर डालेगी?**

नहीं, आपके पसंद की भाषा से किसी भी तरह आपका स्कोर प्रभावित नहीं होगा।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में किन क्षेत्रों में परीक्षा होगी? वे किन कानूनों को कवर करते हैं?**

अधिवक्ताओं को बीस विषयों से सवालों के जवाब देने होगें। यह विषय भारत की बार काउंसिल द्वारा तीन साल और पांच साल के एल.एल.बी. पर आधारित पाठ्यक्रम से चुनें गए हैं।

इन विषयों को दो श्रेणियों (I और II) में विभाजित किया गया है। परीक्षा पत्र में प्रत्येक 'श्रेणी I' के विषयों से कम से कम सात (7) प्रश्न होंगे।

परीक्षा पत्र में समुदाय 'श्रेणी II' के विषयों में से 23 प्रश्न होगें और इन 23 प्रश्नों में से कम से कम पांच (5) 'श्रेणी II' के विषयों से होगें।

प्रश्न पत्र के प्रथम भाग में प्रथम श्रेणी के विषयों की परीक्षा होगी और द्वितीय भाग में द्वितीय श्रेणी के विषयों की परीक्षा होगी।

| सीरियल नंबर | श्रेणी विषय | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| | **श्रेणी ( भाग मैं मैं के पेपर )** | |
| 1 | वैकल्पिक विवाद समाधान | 7 |
| 2 | सिविल प्रक्रिया संहिता और परिसीमम अधिनियम | 7 |
| 3 | संवैधानिक कानून | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | अनुबंध विशेष संविदा, कानून, सहित विशिष्ट राहत और परक्राम्य लिखत | 7 |
| 5 | आपराधिक कानून: भारतीय दंड संहिता | 7 |
| 6 | अपराध प्रक्रिया | 7 |
| 7 | प्रारूपण, बिनती | 7 |
| 8 | साक्ष्य अधिनियम | 7 |
| 9 | धर्मशास | 7 |
| 10 | अधिवक्ता पेशेवर आचरण कोड और नीतिशास्त्र | 7 |
| 11 | संपत्ति कानून | 7 |
| | श्रेणी द्वितीय पेपर का द्वितीय (भाग) | |
| 12 | प्रशासनिक विधि | प्रशासनिक विधि में सभी सवालों के 23, और इन सवालों के द्वितीय श्रेणी में विषयों में कम से कम 5 सवाल करेंगे शामिल |
| 13 | कंपनी लॉ | |
| 14 | पर्यावरण कानून | |
| 15 | परिवार विधि | |
| 16 | मानव अधिकार कानून | |
| 17 | श्रम और औद्योगिक कानून | |
| 18 | टोट का कानून, मोटर वाहन दुर्घटनाओं सहित, और उपभोक्ता संरक्षण कानून | |
| 19 | कराधान कानून के सिद्धांत | |
| 20 | सार्वजनिक इंटरनेशनल लॉ | |

**क्या होगा यदि मैं किन्ही आपातकालीन या विशेष कारणवश अखिल भारतीय बार परीक्षा को देने में असमर्थ हुआ?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा प्रतिवर्ष दो बार अप्रैल और नवंबर में, आयोजित होती है और आप अपनी सुविधानुसार इसे दे सकते हैं।

**यदि मैंने अखिल भारतीय बार परीक्षा को पास करने के बाद भी, अगर विधि व्यवसाय का प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं किया है? तो क्या मैं घोषित परिणाम के आधार पर कोर्ट में जा सकता हूँ?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा के परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद ही आपको परीक्षा का प्रमाणपत्र मिल जायेगा, परंतु अंतरिम अवधि में आप परिणामों की घोषणा के आधार पर अभ्यास कर सकते हैं।

**क्या परीक्षा के पूर्नः-मूल्यांकन की कोई विधि है या अगर मैं अपने अखिल भारतीय बार परीक्षा के परिणामों से असंतुष्ट हूँ, तो क्या मैं पूर्नः-मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकता हूँ?**

पूर्नः-मूल्यांकन के लिए कोई प्रावधान नहीं है। अखिल भारतीय बार परीक्षा के क्रियान्वयन और मूल्यांकन के लिए ओ.एम.आर. (OMR) तकनीक का प्रयोग होता है। जैसे की जवाबों को मशीन द्वारा स्वचालित रूप से मूल्यांकन किया जाता है। यहाँ पर पून:मूल्यांकन या पून:गणना की कोई पद्धति नहीं है।

**किस समय और किन दिनों में अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध होते हैं? ये आवेदन पत्र कहाँ उपलब्ध होंगे?**

15 जुलाई 2010 को आवेदन प्रक्रिया आरम्भ होने वे पहले आपको www.barcouncilofindia.org पर से यह जानकारी मिल जायेगी। आवेदन फार्म सभी राज्य बार परिषदों में उपलब्ध होंगे।

**क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा में विफलता के कारण मेरे उच्च अध्ययन में कोई बाधा आयेगी?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा भारत में विधि व्यवसाय करने में सक्षम होने के लिए केवल एक प्रवेश-स्तरीय परीक्षा है। उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करने पर अखिल भारतीय बार परीक्षा का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में सफलता के लिए कोई सिफारिश की परीक्षा किताबें हैं?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा केवल आपके कानून के छात्र के रूप में पढ़े विषयों का परीक्षण करेगा। परीक्षा में आवेदन करने के बाद भारतीय बार काउंसिल आपको तैयारी की सामग्री प्रदान कर आपकी सहायता करेगा। (इन परीक्षा की प्रारम्भिक तैयारी की सामग्री के लिए कोई अलग भुगतान नहीं करना पड़ेगा।)

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में मेरा स्कोर एक व्यवसायिक वकील के रूप में मेरे कैरियर को प्रभावित करेगा? विधि व्यवसाय में वरिष्ठ बनने की क्षमता को यह प्रभावित करेगा?**

भारत में, अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करना, शैक्षणिक वर्ष 2009-10 के उपरांत के वकीलों के लिए एक विधि व्यवसाय करने के लिए एक आवश्यक शर्त है। अखिल भारतीय बार परीक्षा केवल एक प्रवेश स्तरीय परीक्षा है, एक वकील के रूप में आपका कैरियर केवल आपका विधि व्यवसाय करने के लिए, सफलतापूर्वक पास करने पर निर्भर रहता है।

**मैं न्यायिक सेवा में प्रवेश प्राप्त करना चाहता हूँ। क्या अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करना मेरे लिए अनिवार्य है?**

न्यायिक सेवा में प्रवेश प्राप्त करने के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करना पूर्व अपेक्षित नहीं है। इसके अलावा, भारत में न्यायिक सेवाओं के लिए प्रवेश के लिए अलग परीक्षा निर्धारित है और आपको इस संबंध में और जानकारी प्रप्त करनी चाहिए। ध्यान दें, तथापि, विधि व्यवसाय या एक वकील के रूप में आपका अनुभव न्यायिक सेवाओं के लिए आवश्यक शर्तें हैं, अगर आपने शैक्षणिक वर्ष 2009-2010 के उपरांत स्नातक किया है, तो आपको सफलता-पूर्वक अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करना होगा।

**क्या हमें तैयारी के लिए भेजे गये प्रारम्भिक सामग्री के अलावा अधिक सहायता मिलेगी?**

आगे की तैयारी में आपको सहायता के लिए, बीसीआई अगस्त 16, 2010 को www.barcouncilofindia.org में मॉडल प्रश्न पत्रों की एक श्रृंखला को अपलोड कर आपकी सहायता करेगा।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में कठिनाई का स्तर क्या होगा?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा एक प्रवेश स्तरीय, योग्यता परीक्षा है, जो यह मूल्यांकन करेगी कि क्या आप के पास विधि व्यवसाय के लिए और कानूनी सेवाओं प्रदान करने के लिए न्यूनतम योग्यता कौशल है।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा में कितने प्रश्न होते हैं? अंक पाने के आधार क्या हैं?**

यहाँ पर 100 बहु-विकल्पों वाले प्रश्न होंगे, अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति "समीक्षा पद्धति के तरीके" और "मॉडल सामग्री" को तैयार व उनका परीक्षण करेगी। यह सामग्री 16 अगस्त 2010 को उपलब्ध होगी।

**अखिल भारतीय बार परीक्षा के परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिए किस आधार पर इंकार किया जा सकता है?**

अखिल भारतीय बार परीक्षा के वास्तविक तिथि से पहले अखिल भारतीय बार परीक्षा की विस्तृत नियमावली तथा व्यवहार कोड की घोषण की जाएगी।

**क्या मैं अखिल भारतीय बार परीक्षा के भुगतान की हुई फीस वापस प्राप्त कर सकता हूँ, अगर परीक्षा के लिए मैंने पंजीकरण किया है, पर परीक्षा देने में असमर्थ हूँ?**

आवेदन शुल्क की वापसी के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

**मुझे कैसे पता लगेगा की मेरा अखिल भारतीय बार परीक्षा के लिए आवेदन को स्वीकार किया गया है? मुझे अपने आवेदन के साथ किन दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा?**

एक बार आपके आवेदन की वैद्यता की जाँच होने पर भारतीय बार काउंसिल आपको प्रवेश पत्र एवं परीक्षा के तैयारी की सामग्री आपके पास भेजेगी, आपका प्रवेश पत्र आपके आवेदन स्वीकार किए जाने की वैद्य पुष्टि करता है। आपको आवेदन पत्र में विस्तृत रूप से संलग्न किए जाने संबंधी सभी दस्तावेजों के निर्देश दिये जाते हैं।

**क्या मुझे अन्य राज्यों में अभ्यास करने की अनुमति दी जायेगी, अगर अखिल भारतीय बार परीक्षा में चयनित भाषा उस राज्य की आधिकारिक भाषा नहीं है?**

परीक्षा में प्रदर्शित भाषा आपके अभ्यास की क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं डालता है।

**अगर मुझे अखिल भारतीय बार परीक्षा के बारे में कोई समस्या या मुद्दा आया, तो मैं किससे सम्पर्क करूं?**

कृपया barexam@barcouncilofindia.or पर हमें सम्पर्क करें।

**मैंने 1999 में स्नातक की उपाधि प्राप्त कि है लेकिन मैंने अभी तक राज्य बार परिषद में नामांकन नहीं किया है, क्या मुझे विधि व्यवसाय के लिए अखिल भारतीय बार परीक्षा देनी होगी?**

केवल शैक्षणिक वर्ष 2009-10 में स्नातक हुए छात्रों को अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करनी होगी और विधि व्यवसाय के लिए प्रमाणपत्र प्राप्त करनी होगी। यदि आपने शैक्षणिक वर्ष 2009-10 से पूर्व स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, पर राज्य बार काउंसिल में नामांकण नहीं किया है, तो आपको भारत में विधि व्यवसाय करने के लिए राज्य बार काउंसिल में नामांकण कराना होगा। आपको अखिल भारतीय बार परीक्षा पास करने या अभ्यास प्रमाणपत्र प्राप्त करने की कोई जरूरत नहीं है।